प्रेस विज्ञप्ति

सडक दुर्घनाओ की रोकथाम बाबत् राष्ट्रीय राजमार्गो पर जागरूकता कार्यक्रम

दिनांकः-19.11.2022

श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात, राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर, श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री अनिल कुमार सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम, श्री शिवनारायण सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व, श्रीमती अंशु जैन सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रशासन जोधपुर के संयुक्त नेतुत्व में दिनांक 18 व 19.11.2022 को जोधपुर से गुजरने वाले अलग-अलग राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित बसे पांच गांवों में संबंधित क्षेत्राधिकार पुलिस थानों से समन्वय स्थापित कर श्री गोरधनराम निरीक्षक पुलिस यातायात प्रशासन व यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिह हैकानि 1201 मय टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की विडियो क्लिप/ लघु फिल्म दिखाकर यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। गांव कुड़ी में कार्यक्रम के दौरान श्री दिलीप खदाव थानाधिकारी विवेक विहार तथा अन्य कार्यक्रमों के दौरान संबंधित बीट प्रभारी उपस्थित रहे।

दिनांक 18.11.2022 को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-62 नागौर रोड़ पर स्थित गांव देसुरिया खारानोल, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-112 जोधपुर-बर से लिंक गांव जाजीवाल कल्लां दिनांक 19.11.2022 को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-62 पाली रोड़ पर स्थित गांव कुड़ी, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-25 पर स्थित पाल गांव तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-125 जैसलमेर रोड़ स्थित गांव चौपासनी में ग्रामीणजनों को सडक दुर्घटनाओं में मृत्यु के प्रमुख कारणों में पालतू/आवारा पशुओं के सड़क पर आने के कारण होने वाली दुर्घटना से मालिकों को इस सम्वन्ध मे विशेष जानकारी दी गई। सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने हेतु पालतु पशु मलिकों व ग्रामीण आमजन को पशुओ को सडकों पर से हटाने के आवश्यक उपाय करने बाबत समझाईस के साथ पशुओं के सीगों पर लगाने के लिए रिफलेक्टर प्रदान किए।

आमजनों को सडक पर चढते व उतरते समय व सडक को पार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों तथा गलत दिशा में वाहन नही चलाने व आईएसआई मार्के के हैलमैट का प्रयोग करने व इसकी उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के प्रोत्साहन हेतु ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर

यातायात शिक्षा एवं
जागरुकता कार्यक्रम
पड़ सकता है दुनिया से जाना ॥

यातायात पुलिस,
पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर
यातायात शिक्षा एवं
जागरुकता कार्यक्रम

यातायात शिक्षा एवं
जागरूकता कार्यक्रम